# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 18.05.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

दिनांक 18.05.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

1– श्री अन्ना सुदन, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी।
3– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
5– अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड, बाराबंकी।
6– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बाराबंकी।
7– सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
8– सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, बाराबंकी।
9– समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
10– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
11– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
12– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।

**1–जनपद अन्तर्गत जल जीवन मिशन अन्तर्गत समस्त पेयजल योजनाओं की प्रगति –**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत 849 नग पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया –

**मै0 पी0एन0सी0**– फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 316 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 356 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 357 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3613 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 115 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 290 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 146730 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 499 नग राजस्व ग्रामों में कमीन्शड करते हुए 404 नग राजस्व ग्रामों मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 1571.50 किमी0 रोड के सापेक्ष 1540.11 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 31.39 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 61 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

**मै0 मेघा इंजीनियरिंग**– फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 337 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163378 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 342 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3332 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 51 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 269 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 115023 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 366 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 267 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 1305.75 किमी0 रोड के सापेक्ष 1193.98 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 111.77 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 28 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

**मै0 वी0एस0ए0**– फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 50078 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 84 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1386 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 41 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 71 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 45908 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 155 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 69 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 503.60 किमी0 रोड के सापेक्ष 499.55 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 4.05 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 06 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

Scanned with OKEN Scanner

**मै0 वी0टी0एल0**– फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 839 किमी0 वितरण प्रणाली, 46 नग शिरोपरि जलाशय, 58 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 44 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 57 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 805 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 18 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 46 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 26209 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 40 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 32 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 216.17 किमी0 रोड के सापेक्ष 211.39 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 4.78 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 08 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

**मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी)**– फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 50 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 423 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 21 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 47 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 20594 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 61 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 55 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 225.64 किमी0 रोड के सापेक्ष 214.68 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 10.97 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 06 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करना, अवशेष कनेक्शन प्रदान किया जाना एवं रोड को पूर्व की स्थिति में पुर्नस्थापित किया जाना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को प्रतिदिन अपने कार्यस्थल पर भ्रमण किये जाने के निर्देश गये है।

## 2–जेजेएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें –

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद अन्तर्गत जेजेएम यू0पी0 पोर्टल पर अत्यधिक मात्रा में कनेक्शन एवं जलापूर्ति सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रही है, उक्त पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का विवरण निम्नवत है –

| S.N. | Name of Agency | JJM Complaints | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Received | Resolved | Pending |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | PNC_SPML | 838 | 637 | 201 |
| 2 | Megha | 816 | 649 | 167 |
| 3 | VSA-SCL | 147 | 125 | 22 |
| 4 | VTL | 82 | 42 | 40 |
| 5 | Gayatri-Remaki | 73 | 67 | 6 |
| **Total** | | **1956** | **1520** | **436** |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**3– स्कूल/आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति –**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत स्कूल/आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति निम्नवत है –

| School Anganwadi Status - Barabanki | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| School Details | | | | Anganwadi Details | | |
| Block | Total School | Connection Status | Supply Status | Total Anganwadi | Connection Status | Supply Status |
| Bani Kodar | 138 | 84 | 64 | 157 | 94 | 53 |
| Banki | 145 | 45 | 40 | 184 | 24 | 22 |
| Dariyabad | 162 | 53 | 54 | 168 | 97 | 51 |
| Dewa | 166 | 92 | 70 | 194 | 86 | 65 |
| Fatehpur | 180 | 118 | 112 | 208 | 143 | 137 |
| Haidargarh | 194 | 145 | 128 | 173 | 101 | 77 |
| Harakh | 178 | 117 | 90 | 179 | 99 | 78 |
| Masauli | 142 | 115 | 80 | 176 | 99 | 80 |
| Nindaura | 189 | 70 | 48 | 205 | 50 | 36 |
| Puredalai | 104 | 28 | 23 | 132 | 26 | 20 |
| Ramnagar | 175 | 69 | 45 | 187 | 64 | 44 |
| Siddhaur | 211 | 79 | 68 | 181 | 48 | 41 |
| Sirauli Gauspur | 132 | 54 | 27 | 170 | 56 | 32 |
| Suratganj | 232 | 94 | 50 | 253 | 104 | 82 |
| Triveniganj | 178 | 74 | 65 | 164 | 78 | 67 |
| **Grand Total** | **2526** | **1237** | **964** | **2731** | **1169** | **885** |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही समस्त स्कूल/आंगनबाड़ी में पेयजल कनेक्शन करते हुए जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

**4–नल जल मित्र–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत निम्न संख्या में नल जल मित्र बनाया जाना अवशेष है।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कुल ग्राम पंचायत | ग्राम पंचायत, जहां नल जल मित्र बनाये जा चुके हैं। | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bani Kodar | 87 | 37 | 50 |
| 2 | BANKI | 62 | 47 | 15 |
| 3 | Dariyabad | 71 | 31 | 40 |
| 4 | Dewa | 88 | 52 | 36 |
| 5 | Fatehpur | 92 | 53 | 39 |
| 6 | Haidargarh | 71 | 16 | 55 |
| 7 | Harakh | 75 | 68 | 7 |
| 8 | Masauli | 56 | 38 | 18 |
| 9 | Nindaura | 88 | 50 | 38 |
| 10 | Puredalai | 51 | 39 | 12 |
| 11 | Ramnagar | 75 | 62 | 13 |
| 12 | Siddhaur | 96 | 59 | 37 |
| 13 | Sirauli Gauspur | 73 | 52 | 21 |
| 14 | Suratganj | 103 | 61 | 42 |
| 15 | Triveniganj | 66 | 36 | 30 |
| **Total** | | **1154** | **701** | **453** |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नल जल मित्र गठन में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को वांछित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**5–खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की गयी योजनाओं की रिपोर्ट–**

जनपद अन्तर्गत 80 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली 294 नग पेयजल योजनाओं में से 45 नग पेयजल योजनाओं का निरीक्षण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया गया है। निरीक्षणोपरान्त पाया गया कि योजनाओं में कार्य अपूर्ण हैं एवं बनायी गयी रोड की गुणवत्ता उचित नही पायी गयी। अधिकांश पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य हेतु उचित मैनपावर नही लगायी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त 294 नग पेयजल योजनाओं में उचित मैनपावर लगाते हुये गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। रोड पुर्नस्थापना की गुणवत्ता में सुधार करते हुए तोड़ी गयी रोड को पूर्व की भांति बनायी गयी रोड की स्थिति में पुर्नस्थापित करना सुनिश्चित करें।

**6–अन्य विभाग से सम्बन्धित–**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि लो0नि0वि0, निर्माण खण्ड–3 द्वारा रू0 20.89 करोड़ की धनराशि पाइप लाइन शिफ्टिंग हेतु उपलब्ध कराया जाना अवशेष है, जिसके कारण रोड चौड़ीकरण में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की शिफ्टिंग कार्य न होने की वजह से पेयजल आपूर्ति कराया जाना सम्भव नही हो पा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा लो0नि0वि0, निर्माण खण्ड–3 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित को उक्त धनराशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सिंचाई विभाग, बाढ़ खण्ड द्वारा बन्धे के समानान्तर एवं क्रासिंग किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र लम्बित होने के कारण पाइप लाइन बिछाया जाना अवशेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड को निर्देशित किया गया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जलकल परिसर के विकास कार्य हेतु मिट्टी भराये जाने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) से सम्पर्क करते हुए उक्त का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

51 ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान/ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी को उक्त समस्या का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**7–सोर्स सस्टेनबिलिटी–**

सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), जल निगम, अयोध्या द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल की सोर्स सस्टेनबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। सस्टेनबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार निर्मित ट्यूबवेल Long Term के लिए Technically Sustainable और Suitable हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

(ईशान प्रताप सिंह)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

## कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी

पत्रांक 4376 / 2005-5 / 26 दिनांक 26-05-2026

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, बाराबंकी।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
5– अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड, बाराबंकी।
6– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
7– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
8– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बाराबंकी।
9– समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।

26/5/26

जिलाधिकारी
बाराबंकी

Scanned with OKEN Scanner